(3035)

~~LM~~ - 35

Mob. 9453616841

# सुशील वर्मा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज

## पटेल नगर, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक : Svm/Gen/Feb/26/100

दिनांक 26/02/2026

LUCKNOW UNIVERSITY 26 FEB 2026 No. 2761

AF/271
27-2-26

सेवा में,

कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

महोदय,

निवेदन यह है कि उक्त महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय **(अर्थशास्त्र, इतिहास व राजनीति विज्ञान)** में अनुमोदन हेतु विषय विशेषज्ञ नामित कराने हेतु राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र स्वतन्त्र चेतना व चेतना विचार धारा में दिनाँक 21/02/2026, 22/02/2026 व 23/02/2026 को प्रकाशित विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

सादर धन्यवाद।

संलग्नक :–

1. NOC की कॉपी।
2. समाचार पत्र।
3. प्रबन्ध समिति।

भवदीय

प्रबन्धक
सुशील वर्मा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज
पटेल नगर, लखीमपुर-खीरी

/Computer center/I/C Web-site
UDRC

26-2-2026



...भव्य शुभारंभ जनसैलाब के ...सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ...य अतिथि के रूप में प्रख्यात ...नेता संजय दत्त उपस्थित रहे। ...यक डॉ राजेश्वर सिंह के साथ ...योजित रोड शो में 20,000 से ...क नागरिकों, युवाओं, शिक्षण ...थानों, सामाजिक संगठनों एवं ...न्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने ...लिया। फिल्म अभिनेता संजय ...रविवार को लखनऊ पहुंचे। ...जनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर ...के बुलावे पर वे इस कार्यक्रम ...ामिल होने आए। कार्यक्रम स्थल ...पहुंचने के लिए उन्होंने लगभग ...किलोमीटर लंबा रोड शो किया, ...में हजारों लोग उनके साथ कदम ...दम मिलाते चले। इस अवसर पर ...यक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा, ...लिए दो मुद्दे अत्यंत भावनात्मक हैं ...नवायरनमेंट प्रोटेक्शन और यूथ ...वरमेंट। सरोजनी नगर मेरा परिवार करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही यह अभियान जनआंदोलन बनेगा। युवाओं को संबोधित करते हुए संजय दत्त ने अपने विशिष्ट मुंबइया अंदाज में कहा– ओए मामू, बात सुन। जित्ते भी मामू यहां खड़ेला हैं न? सब बात सुनने का। जिंदगी में तीन काम करने का। एक- पौधा लगाने का। दूस-रा- पानी बचाने का, क्योंकि जल सोना है! तीसरा- वोटर बनो, वोट डालो। और एक बात और – नशा मत करना। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वॉट लगाने का। कार्यक्रम के दौरान ह्यनेट जीरो सरोजनीनगरह्ल अभियान को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह अभियान छह प्रमुख आयामों – नेट जीरो स्कूल्स एंड कॉलेजेस, नेट जीरो सोसाइटीज एंड आरडब्ल्यूएज, नेट जीरो टाउनशिप्स, नेट जीरो इंडस्ट्री, नेट जीरो विलेजेस एंड सरोवर्स तथा नेट जीरो न्यू पॉलिसी सजेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन – के में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब हम पहले स्वयं में बदलाव लाएं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री सुनील चौधरी (प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स), डॉ उत्कर्ष शुक्ला (डिप्टी डायरेक्टर, लखनऊ जू) एवं डॉ पूजा सिंह (प्रेसिडेंट, आरडब्ल्यूए भगीरथी एन्क्लेव) को ह्यएनवायरनमेंट वॉरियर्सह्ल सम्मान प्रदान किया गया। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से डेमोक्रेसी चैंपियंस की घोषणा की गईं। रामा शंकर त्रिपाठी, मणिक सिंह, बीबी तिवारी, कृपा शंकर शुक्ला, निखिल शर्मा, राजेश त्रिपाठी, के.एन. सिंह, शिविता गोयल, आनंद जोशी, अरुण मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नेहा सिंह, नीता मल्होत्रा, नाहर सिंह चौहान, अनुराग गुप्ता, कौस्तुभ रस्तोगी, रईस अहमद, देव भाटिया तथा शिवम पांडेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने सरोजनीनगर में पर्यावरण संरक्षण, युवा सहभागिता और लोकतांत्रिक चेतना के एक नए युग की शुरूआत का संदेश दिया।

...मिलीभगत से अवैध कब्जे लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ दिन पहले अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने मौके का निरीक्षण भी किया था, जिसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने में लेखपाल अजीत तिवारी द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ तहरीर दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। क्या सरकारी जमीनों को बचाने में प्रशासन नाकाम हो रहा है, या फिर सिस्टम के अंदर ही मिलीभगत से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं?

## आजीविका मिशन बना गेम चेंजर, एक करोड़ महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को लेकर योगी सरकार की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन इस मामले में गेम चेंजर साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। अभी तक प्रदेश में करीब एक करोड़ पांच लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर अपना व्यवसाय संभाल रहीं हैं।

## ...राजा सुहेलदेव पूरे देश और प्रदेश के राजा थे , एक जाति विशेष के राजा नही थे : अनिल राजभर

...प्रमुख

...नऊ । फूलपुर तहसील के माहुल ...पंचायत स्थित टिकुरिया मैदान में ...र को महाराजा सुहेलदेव राजभर ...यंती समारोह बड़े उत्साह और ...ग्राम के साथ मनाया गया। ...क्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ...वक्ताओं और समाज के लोगों ...उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य ...थ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल ...र रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा महाराजा सुहेलदेव राजभर के चित्र पर धूप, दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण के साथ की गई। वक्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, पराक्रम और समाज के उत्थान के लिए उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने समाज से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कई वक्ताओं ने दोनों आयोजनों को समाज की जागरूकता और राजनीतिक सक्रियता का संकेत बताया।

**सुशील वर्मा मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, पटेलनगर, लखीमपुर-खीरी**

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर बी.ए.- इतिहास, अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विषय में एक-एक प्रवक्ता पद

नोट - योग्यता व वेतनमान यू.जी.सी./लखनऊ वि.वि. लखनऊ के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति महाविद्यालय अथवा ई. मेल-svmgdclmp@gmail.com पर 10 दिनों के अन्दर भेजें।

**प्रबन्धक**

प्राचार्य
सुशील [illegible] गर्ल्स डिग्री कॉलेज
पटेल नगर, [illegible]खीरी